**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, अंसारी नगर,**
**नई दिल्ली**

**सं.16/82/2023-Admn/E.164228** **दिनांक:21/09/2026**

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: परिषद मुख्यालय में डेटा प्रतिधारण नीति (Data Retention Policy) तैयार करने हेतु समिति के गठन के संबंध में।**

परिषद मुख्यालय में उपलब्ध भौतिक अभिलेख एवं इलेक्ट्रॉनिक डेटा के संबंध में डेटा प्रतिधारण नीति तैयार करने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया जाता है:

| क्रम सं. | नाम | पदनाम | समिति में भूमिका |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. तुलसी अधिकारी | वैज्ञानिक-एफ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. पुलकित वर्मा | वैज्ञानिक-डी | सदस्य |
| 3. | डॉ. अजय कुमार धामा | वैज्ञानिक-सी | सदस्य |
| 4. | डॉ. नीरज कुमार | वैज्ञानिक-सी | सदस्य |
| 5. | श्री गुरमीत सिंह राणा | प्रधान तकनीकी अधिकारी (PTO) | सदस्य |
| 6. | डॉ. विवेक गुप्ता | कंप्यूटर सुविधा, एम्स | बाह्य सदस्य |

उक्त समिति के संबंध में निम्नलिखित समन्वय दायित्व निर्धारित किए गए हैं:

1. डॉ. एम. एस. चालगा, वैज्ञानिक-ई – इलेक्ट्रॉनिक डेटा के संबंध में आगे की कार्यवाही के समन्वय हेतु।
2. श्री जयबीर सिंह, सहायक महानिदेशक (प्रशासन)– भौतिक अभिलेख के संबंध में समन्वय हेतु।
3. सुश्री स्वाति गायकवाड़, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी – समन्वयक (Coordinator) के रूप में कार्य करेंगी।

समिति के गठन का उद्देश्य भौतिक अभिलेखों एवं इलेक्ट्रॉनिक डेटा के संबंध में अभिलेखों के निस्तारण की अनुसूची (Weeding Out Schedule) तैयार करने के लिए प्रशासन, वित्त तथा इंटराम्यूरल एवं एक्स्ट्राम्यूरल की संबंधित शाखाओं के साथ परामर्श किया जाना तथा डेटा प्रतिधारण नीति (Data Retention Policy) तैयार करना है।

यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

Digitally signed by
Jaibir Singh
Date: 24-09-2026
16:51:12

(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

प्रति:
सभी संबंधित अधिकारी
प्रतिलिपि:

1. महानिदेशक/अपर महानिदेशक/वरि.उपमहानिदेशक (प्रशा.)/वरि.वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2. परिषद के सभी प्रभाग प्रमुख
3. उपमहानिदेशक (प्रशा.)/सहा. महानिदेशक (प्रशा.)/सहायक महानिदेशक (वित्त)
4. डॉ. मनजीत सिंह चालगा, आई.सी.एम.आर. की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।